# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे ''मिशन शक्ति अभियान-5'' के तहत जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

''मिशन शक्ति अभियान-5'' के तहत आज दिनांक 29.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाऔं को ''मिशन शक्ति'' व ''शक्ति दीदी'' के अलावा जागरुकता हेतु चलाए जा रहे अभियानों के बारे में सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित ''एंटी रोमियो स्क्वायड'' टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतों को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 29.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** इस वर्ष दिनांक 30.10.2024 को नरक चतुर्दशी तथा 31.10.2024 को दीपावली का त्यौहार होने के दृष्टिगत राष्ट्रीय एकता दिवस 31.10.2024 को मनाए जाने स्थान पर आज दिनांक-29.10.2024 को लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया ।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगणों को राष्टीय एकता व अखण्डता की शपथ दिलायी गयी ।

इस अवसर पर वाचक पुलिस अधीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह,प्रभारी निरीक्षक जनसूचना सेल श्री जयप्रकाश उपाध्याय,प्रभारी निरीक्षक चुनाव सेल श्री प्रमोद यादव,प्रभारी निरीक्षक डीसीआरबी श्री वीरप्रताप सिंह,पीआरओ श्री प्रवीण सिंह कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(4).** आज दिनाँक 29.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।]

**(5).** इस वर्ष दिनांक 30.10.2024 को नरक चतुर्दशी तथा 31.10.2024 को दीपावली का त्यौहार होने के दृष्टिगत राष्ट्रीय एकता दिवस 31.10.2024 को मनाए जाने स्थान पर आज दिनांक 29.10.2024 को लौह पुरूष एवं भारत देश की एकता के सूत्रधार सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर श्रीमान् पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजकमल द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय कालूपुर में, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री जयकरन सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय मऊ में,क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु श्री फहद अली द्वारा पुलिस लाइन्स में एवं जनपद के समस्त थाना/चौकियों में सम्बन्धित थाना/चौकी प्रभारी द्वारा राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को याद कर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए तथा समस्त अधिकारी/कर्मचारीगणों को राष्ट्रीय एकता अखण्डता की शपथ दिलायी गयी।

**(6).** आज दिनाँक 01.09.2024 को जिलाधिकारी चित्रकूट श्री शिवशरणप्पा जी0एन0 एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में दीपावली/कार्तिक अमावस्या मेला डियूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया गया । ब्रीफिंग में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को कहा गया कि सभी अपनी-अपनी डियूटी पर समय से पहुचेंगे,कोई भी अधिकारी/कर्मचारी डियूटी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करेगा । ड्यूटी के दौरान सभी श्रद्धालुओं से नम्रतापूर्वक व्यवहार करेगें।

पूरे मेल को सकुशल संपन्न करने के लिए 08 जोन व 22 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा 19 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 30 थाना प्रभारी निरीक्षक, 37 निरीक्षक, 241 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस,15 महिला उपनिरीक्षक,752 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल,95 महिला कांस्टेबल,08 उपनिरीक्षक यातायात, 45 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल यातायात, 03 पीएससी कंपनी, 12 उपनिरीक्षक एलआईयू, 40 हेड कान्सटेबल/कान्सटेबल एलआईयू,03 क्रेन, 02 एसचैक टीम, 02 डॉग स्क्वायड, 04 फायर टेण्डर,02 फ्लड पीएसी की डियूटी लगाई गई है।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री जय करन सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय/लाइन्स श्री यामीन अहमद,क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु श्री फहद अली एवं मेला में लगे समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(7).** आज दिनाँक 29.10.2024 को जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी0एन0 तथा पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दीपावली/कार्तिक अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत रामघाट,निर्मोही अखाड़ा का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया,महोदय द्वारा मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम

यातायात बनाये रखने के लिए साफ सफाई,वाहनों का स्टैण्ड तथा रामघाट पर घाटों की सफाई ,स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को स्नान कर पूजा अर्चना करने में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े निर्मोही अखाड़ा के बगल में बने नाले की सफाई तथा पास में बैरकेडिंग जिससे मेला में क्षेत्र में आने वाले दर्शनार्थियों को गिरने से बचाया जा सके एवं मेला क्षेत्र में अत्यधिक भीड़ भाड़ होने के कारण टैम्पो स्टैण्ड एवं बस स्टैण्ड आदि चार पहिया वाहनों के खड़े करने हेतु स्टैण्डों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

**(8).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री विनोद कुमार राय एवं पैरोकार आरक्षी धनेश मिश्रा द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं शासकीय अधिवक्ता श्रीमती संगीता सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायधीश/एफटूसी न्यू श्री नीरज कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना मऊ में पंजीकृत मु0अ0सं0 97/2012 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी अभियुक्त मामा उर्फ राजबहादुर पुत्र महिपाल निवासी हटवा थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 04 वर्ष का कारावास 05 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**<u>घटना का विवरणः-</u>**

दिनाँक 13.08.2012 को तत्कालीन थानाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र यादव द्वारा मामा उर्फ राजबहादुर पुत्र महिपाल निवासी हटवा थाना मऊ जनपद चित्रकूट उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ में मु0अ0सं0 97/2012 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट पंजीकृत कराया गया था। मुकदमें की विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री राजाराम द्विवेदी द्वारा की गयी, विवेचक द्वारा दिनाँक 28.07.2014 को आरोपी के विरुद्ध आरोप-पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया था।

**(9).** आज दिनाँक 29.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में निरीक्षक एलआईयू श्री नागेन्द्र भूषण पाठक के नेतृत्व में एस चेक टीम, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत, कर्वी शहर के बस स्टैंड मॉल बाजार, काली देवी चौराहा के विभिन्न दुकानों,रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग आदि स्थानों पर सघन चेकिंग की गई।

**(10).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री विनोद कुमार राय के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री ओमप्रकाश सिंह तथा उनके हमराही आरक्षी अभिषेक कुमार द्वारा मु0नं0 56/19 मु0अ0सं0 145/2019 धारा 354/506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त राकेश पुत्र शिवधारी निवासी ग्राम पिपरौदा थाना मऊ जनपद चित्रकूट व उ0नि0 श्री उत्कर्ष कुमार सिंह तथा उनके हमराही आरक्षी राहुल पाण्डेय द्वारा मु0अ0सं0 44/2001 धारा 379/41/411 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त गिरजानन्द दुबे पुत्र स्कन्द प्रसाद दुबे निवासी तिलहा थाना सराय अकिल जिला कौशाम्बी को गिरफ्तार किया।

**(11).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्ग विजय सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री नीरज व आरक्षी राजीव सिंह व आरक्षी मनोज कुमार द्वारा अभियुक्त तेजउवा पुत्र दद्दी निवासी गढ़ीकला नया चन्द्रा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को 19 अदद पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मानिकपुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**(12).** आज दिनाँक 29.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी चित्रकूट श्री उमेश चन्द्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में कोतवाली कर्वी पुलिस बल के साथ दीपावली/कार्तिक अमावस्या मेला को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु कर्वी शहर के धनुष चौराहा,बस स्टैण्ड,काली देवी चौराहा,भगवान दीन चौराहा,घुस मैदान,शंकर बाजार,धतुरहा चौराहा आदि मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीम द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूंछताछ की गयी।

पैदल गस्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ श्री प्रवीण सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थिति रहें।

**(13).** आज दिनाँक-29.10.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा थाना कोतवाली कर्वी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई व थाना कार्यालय में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव,अद्यवधिक,बंदीगृह,सीसीटीएनएस कार्यालय,प्रभारी निरीक्षक कार्यालय एवं महिला हेल्प डेस्क में कमियों को दुर करने, साफ सफाई से रजिस्टरों का रखाव,पीडित महिलाओं का प्रार्थना पत्रों को नोट करना तथा समय बद्ध निस्तारण कराकर कार्यवाही में अंकित किये जाने हेतु महिला हेल्प डेस्क में नियुक्त महिला आरक्षी को निर्देशित किया गया तथा प्रभारी निरीक्षक कर्वी को थाना परिसर की साफ सफाई एवं धनतेरस त्यौहार के दृष्टिगत कस्बों एवं सर्राफा बाजारों में भ्रमण रहकर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु बताया गया।